तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री से.
न्यूनतम 21.0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

10 शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के....



10 तपा किनाना में नशा किया तो पुलिस को सौपेगी....



खबर संक्षेप

सैर पर निकली बुजुर्ग से कान की बाली झपटी

जींद। पुराना बस अड्डे के निकट सुबह सैर को निकली बुजुर्ग महिला की युवक ने सोने की बाली झपट ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव कालोनी निवासी दर्शना (78) सुबह घर से पुराना बस अड्डे की तरफ सैर को निकली थी। थकावट होने पर वह पुराना बस अड्डे के निकट बैठ गई।

गाड़ी का शीशा तोड़ लेपटॉप और अन्य सामान उड़ाया

जींद। सैक्टर आठ में बीती रात चोरों ने मकान के बाहर खड़ी गाड़ी का शीशा तोड़ कर लेपटॉप तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी गौरव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सैक्टर आठ में अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था। रात को उसने गाड़ी मकान के बाहर खड़ी कर दी। सुबह जब उसने गाड़ी को संभाला तो उसका शीशा टूटा हुआ था। गाड़ी से लेपटॉप, एटीएम व अन्य दस्तावेज गायब थे।

मारपीट करने पर दो नामजद, जांच जारी

जींद। उचाना मंडी में व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना मंडी निवासी शेरसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मटके बनाता है। गत दिवस वह दूध लेकर वापसी के दौरान अपने प्लाट में चला गया। जहां पर मटके पकाए जाते हैं। उसी दौरान पड़ोसी जगबीर तथा राजेश ने उसे मटके पकाने रोका। जिसको लेकर आपस में कहासुनी हो गई। दोनों आरोपितों ने हमला कर उसे घायल कर दिया।

गांव रसीदां के घर में चोरी का आरोपी दबोचा

जींद। गढ़ी पुलिस ने गांव रसीदां घर में चोरी करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान विशाल उर्फ हरमन वासी गांव रसीदां के रूप में हुई है। थाना गढ़ी के प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता रामपाल वासी गांव रसीदां ने थाना गढ़ी में अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार सहित टोहाना गया हुआ था। जब वह परिवार सहित वापस घर लौटा तो घर की रसोई की खिड़की टूटी हुई मिली।

रास्ता रोक बाइक सवार पर किया हमला, केस

जींद। बाइक सवार युवक को रोक कर मारपीट करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव माहोलखेड़ा निवासी रमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी दादी को लेकर दवाई दिलाने नरवाना आया था। वापसी के दौरान मोर पत्ति निवासी मानव, युवराज तथा दो अन्य ने उसके बाइक का रास्ता रोक लिया। आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी। उसकी दादी तथा राहगीरों ने आरोपितों के चंगुल से छुड़वाया।

हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआईए नरवाना की टीम ने वसूली ना देने पर अपहरण की कोशिश करने तथा हमला करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि गत 13 सितंबर को गांव बडनपुर निवासी हरदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके पिता के नरवाना इलाके में शराब के ठेके हैं। गत 13 सितंबर देर रात को शराब ठेकों से रिकवरी कर घर लौट रहा था।

कौन होगा नुकसान का जिम्मेदार: मूसलाधार बरसात ने फेरा किसानों के सपनों पर पानी

कैथल में 1.50 लाख एमटी धान भीगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

धान खरीद सीजन में रविवार दोपहर को तेज बरसात ने किसानों और व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बरसात के कारण जिले की अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में खुले आसमान के के नीचे पड़ी धान की ढेरियां और बोरियों में भरा धान भी भीग गया। जिले की अनाज मंडियों में खुले में पड़े करीब 1.50 लाख मीट्रिक टन धान पर बारिश की मार पड़ी है। हालांकि किसानों द्वारा अपनी धान को बचाने के भरसक प्रयास के तहत तिरपाल भी ढकी लेकिन तेज बरसात के कारण उसके नीचे से पानी घुस गया। बरसात के कारण न केवल अनाज मंडी बल्कि खेतों में खड़ी धान की फसल भी गिर गई है जिससे उसका उत्पादन व गुणवत्ता पर असर पडेगा। गौरतलब है कि अनाज मंडियों में ही पहले ही नमी अधिक होने के कारण धान की खरीद धीमी चल रही थी। उठान में देरी से मंडियों में फसल जमा होती जा रही थी। ऐसे में बरसात ने खरीद से लेकर उठान तक की व्यवस्था के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। अब भीगे धान को सुखाने, उसकी गुणवत्ता बनाए रखने और खरीद प्रक्रिया को गति देने में अतिरिक्त समय लग सकता है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के आदेशानुसार रविवार को अवकाश के कारण मंडियों में खरीद के बजाय उठान होना था, लेकिन सुबह हुई बारिश से खुले में रखे धान को नुकसान पहुंचा। मंडियों में पहले से ही उठान की रफ्तार धीमी होने के कारण बड़ी मात्रा में फसल पड़ी थी। नमी की शर्तों के चलते खरीद में आ रही अड़चनें किसानों की परेशानी बढ़ा रही थीं। अब बारिश के बाद धान को सुखाने और उसकी गुणवत्ता की जांच की जरूरत पड़ सकती है। इससे खरीद और उठान की रफ्तार प्रभावित होने की आशंका है। यदि मंडियों से फसल का समय पर उठान नहीं हुआ तो आगामी आवक के लिए जगह की समस्या भी बढ़ सकती है।

खेतों में धान की फसल गिरने से उत्पादन व गुणवत्ता पर पड़ेगा असर



कैथल। अनाज मंडी में बरसात में भीगता धान। फोटो :हरिभूमि



कैथल। बरसात से भीगे धान के साथ बैठे मायूस किसान। फोटो :हरिभूमि

मंडी में लाया धान भीगा

शहर की नई अनाज मंडी में गांव प्योदा से धान लेकर आए किसान हरी सिंह ने बताया कि वह 3 दिन पहले धान की ट्रॉलियां लेकर मंडी पहुंचा था, लेकिन अब तक फसल की बिक्री नहीं हुई। उसकी पूरी फसल खुले में पड़ी थी, जो बारिश में भीग गई। किसान ने मंडी में खरीद और उचित प्रबंध नहीं होने की शिकायत की। उसका कहना है कि खरीद एजेंसी के कर्मचारी नहीं पहुंचे और मार्केट कमेटी सचिव से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला।खरीददार महावीर ने बताया कि बरसात के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल गिरने से पैदावार प्रभावित हो सकती है तो वहीं क्वालिटी भी गिर जाएगी। मंडियों में भीगी फसल को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। धान समय पर नहीं सूखने पर खरीद में देरी हो सकती है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

बारिश से थमी धान की फसल की कटाई



राजौंद। रविवार सुबह करीब 10 बजे हुई हल्की बरसात के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई। हालांकि राजौंद क्षेत्र में बरसात ज्यादा नहीं हुई, लेकिन इसके बाद दिनभर बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। मौसम खराब होने के कारण खेतों में धान की कटाई प्रभावित हुई और किसानों को फसल मंडी तक पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।किसानों का कहना है कि धान की कटाई के साथ मंडियों में फसल की आवक भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बरसात होने से कटाई का काम रुक जाता है और खेतों में तैयार खड़ी फसल को लेकर भी चिंता बनी रहती है। पहले ही मंडी में धान की खरीद को लेकर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब मौसम खराब होने से उनकी चिंता और बढ़ गई है।किसानों ने कहा कि यदि आने वाले दिनों में मौसम इसी तरह बना रहा तो धान की कटाई और मंडी में फसल पहुंचाने का काम प्रभावित हो सकता है। साथ ही मंडी में खरीद प्रक्रिया धीमी होने पर किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन और खरीद एजेंसियों से धान की खरीद सुचारु रूप से करवाने की मांग की है, ताकि बरसात के कारण उन्हें दोहरी परेशानी का सामना न करना पड़े।

फसलों पर खतरा बन कर मंडराया मौसम, अन्नदाताओं की बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बदला मौसम फसलों पर खतरा बन कर मंडराने लगा है। रविवार को जिले में बूंदाबांदी हुई और आकाश में बादल भी घुमड़ते रहे। जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेत खलिहान से लेकर मंडियों तक धान, बाजरा, कपास की फसल फैली हुई है। आवक तेज होने के कारण लाखों क्विंटल फसल खुले आसमान के तले पड़ी हुई है। जिसके भीगने का खतरा लगातार बना हुआ है। बूंदाबांदी के चलते तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। गुलाबी ठंड का अहसास दिनभर होता रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 66 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के भी आसार बने रहे। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी आकाश में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं हलकी बारिश होने की संभावना है।



छाई काली घटा।

लाखों क्विंटल धान-बाजरे की फसल खुले में पड़ी

जिले की अनाज मंडियो में अबतक तीन लाख क्विंटल से ज्यादा धान फसल की आवक हो चुकी है। लगभग पौने दो लाख क्विंटल बाजरा भी मंडियों में पहुंच चुका है। कपास फसल भी पचास हजार क्विंटल तक आ चुकी है। लगभग सवा दो लाख क्विंटल धान तथा 80 हजार क्विंटल बाजरे की खरीद हो चुकी है। जबकि अब भी लगभग दो लाख लाख क्विंटल धान तथा बाजरा फसल खुले आसमान के तले पड़ी हुई हैं। किसान दलेल ने बताया कि दो दिन पहले ही वह 80 क्विंटल धान लेकर मंडी में आया था। फसल की अभी खरीद नही हो पाई है। नमी ज्यादा बताई गई है। मंडी मे उठान भी कम हो रहा है। बूंदाबांदी से फसल में नमी बढ़ जाएगी तो एजेंसी खरीद नहीं करेगी। इसी तरह उचाना के सुमेर का कहना है कि बाजरा की फसल भीगने से काला पडने का डर है। अब बारिश से फसलों को नुकसान ही है।

सांझी माता की पूजा प्रारंभ.....



राजौंद। अश्विन माह के प्रथम नवरात्रे से नगर में नवरात्रों के साथ साथ सांझी माता की पूजा भी शुरू की गई। सांझी माता की पूजा शुरू करने से पहले हर घर में माता सांझी की प्रतिमा दीवारों पर लगाई जाती है। नवरात्रे से एक दिन पूर्व भक्तजन अपने अपने घर की दीवारों पर मिट्टी की आकर्षक प्रतिमा बनाकर उन्हें दीवार पर सजाते है। महिलाएं सांझी माता की प्रतिमा कई दिन पहले ही बनानी शुरू कर देती है। जिन परिवारों के पास आज समय का अभाव रहता है उनके लिए बाजार में बनी बनाई सांझी माता का कैलेंडर भी उपलब्ध है। नवरात्रे के पहले दिन भक्तजन सुबह के समय सांझी माता की पूजा अर्चना कर माता के चरणों में जौ की बिजाई करते है ओर हर शाम को माता के गीत गाकर मन्नतें मांगी जाती है। पहले इस पर्व को लेकर महिलाओं में एक विशेष खुशी की झलक दिखाई देती थी, जो आज कल आधुनिकता की चमक-दमक की वजह से फीकी पड़कर रह गई है। पहले पूरे मोहल्ला की महिलाएं टोलियों में गीत गाती हुई किसी तालाब में सांझी माता का विसर्जन करने के लिए हर गली व तालाब पर दिखाई देती थी परंतु आधुनिकता की चकाचौंध में यह गुजरे जमाने की बात होकर रह गई है।

लापता व्यक्ति का शव विवि के पास झाड़ियों में मिला

सात अक्टूबर को निकला था घर से, शव खानपुर पीजीआई रेफर

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगा मौत के कारणों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



सीआरएसयू के निकट झाड़ियों से एक युवक को शव बरामद किया है। मृतक पिछले चार दिन से गायब था। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर ले जाया गया है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद हो पाएगा। सीआरएसयू के निकट लगते खेत के साथ झाड़ियों से राहगीरों को बदबू आई। जब उन्होंने झाड़ियों की तरफ देखा तो वहां पर व्यक्ति के शव को पड़ा हुआ था। जो सड़ चुका था। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया और मृतक के शव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान गांव निडानी निवासी सुनील 27 के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुनील गत सात अक्टूबर को घर से निकला था। वह शराब भी पी लेता था। वह बीमार भी रहता था। उन्होंने सुनील को तलाशा भी लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। रविवार को उन्हें पुलिस के माध्यम से मौत की सूचना मिली थी। आंशका जताई जा रही है कि शराब पीने के बाद वह झाड़ियों की तरफ गया है और वहीं उसकी मौत हो गई। मृतक के शव की गली-सड़ी हालात देखते हुए पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहतक रोड़ चौकी प्रभारी अमित ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट वैगराह का निशान नही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण साफ हो जाएगा। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे 1.47 लाख ठगे

कैथल। शहर के विकास नगर में एलआईसी के रिटायर्ड ब्रांच मैनेजर से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 1.47 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली। आरोपियों ने वाट्स-एप पर लिंक भेजकर पीड़ित से तीन बैंकों के क्रेडिट कार्ड की डिटेल भरवाई। इसके बाद सात ट्रांजेक्शन के जरिए राशि निकाल ली। खाते से रुपए कटने के मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। उसने तीनों क्रेडिट कार्ड और बैंक खाता ब्लॉक करवाकर साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर के विकास नगर निवासी सतबीर ने बताया कि 9 अक्टूबर की शाम उसके पास एक कॉल आई थी।

ऑनलाइन टास्क देकर 2.15 लाख रुपये का लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को ऑनलाइन टास्क देकर दो लाख 15 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिंध्वीखेड़ा निवासी रवि ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। गत 18 जुलाई को उसके फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को आनलाइन शांपिग एप मंत्रा प्लेटफार्म से बताया। जिसने घर बैठे ऑनलाइन अच्छा कमाने के बारे में बताया। जिसके बाद उसने व्हाट्सअप पर पूरी जानकरी दी। उसने पूरी जानकारी लेने के बाद उसने पहला टास्क दिया। जिसमें ऑनलाइन प्रोडेक्ट को लाइक करना था। जिसके बाद उसने एक लिंक भेजा। जिसको ओपन करने के साथ वह टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। फिर आरोपित ने उसकी यूपीआईडी मांगी। आरोपित ने 160 रुपये उसके खाते में भेज दिए। 19 जुलाई को 120 रुपये बोनस के भेज दिए। फिर आरोपित ने दूसरा टास्क दिया।

हेल्थ इंश्योरेंस हटाने का झांसा देकर 1.34 लाख ठगे

कैथल। गांव डंडौता में एक डेयरी संचालक से साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से हेल्थ इंश्योरेंस हटाने का झांसा देकर 1 लाख 34 हजार 996 रुपये की ठगी कर ली। आरोपी ने खुद को एक्सिस बैंक का अधिकारी बताकर फोन किया और इंश्योरेंस के सालाना 5 हजार रुपये कटने से बचाने के लिए वाट्स-एप पर लिंक भेजा। पीड़ित ने लिंक पर कार्ड की डिटेल भरी तो कई ट्रांजेक्शन में उसके खाते से राशि कट गई। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर 10 अक्टूबर को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को शिकायत में गांव डंडौता निवासी अजय कुमार ने बताया कि 9 अक्टूबर को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ इंश्योरेंस लगा है।

रिश्तेदार बनकर ₹8 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव सिरटा में एक व्यक्ति को रिश्तेदार बनकर साइबर ठगों ने 8 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। आरोपियों ने पहले तो ऑस्ट्रेलिया में रह रहे उसके बुआ के बेटे की फोटो लगाकर वाट्स-एप कॉल की और खाते में 19.15 लाख रुपए भेजने की फर्जी रसीद भेजकर भरोसा जीता। इसके बाद दोस्त की पत्नी के ऑपरेशन के नाम पर तीन बार में अलग-अलग खातों में 8 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। खाते में बताई गई राशि नहीं आई तो ठगी का पता चला। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की जांच प्रारंभ

अजय ने अपने आढ़ती के खाते से बताए गए खाते में चार लाख रुपए भिजवा दिए। 5 अक्टूबर को फिर दो लाख रुपये भेजे। इसके बाद आरोपी ने 10 लाख रुपए भेजने की एक और फर्जी रसीद भेजी और दो लाख रुपए दूसरे खाते में जमा करवाने को कहा। अजय ने बैंक जाकर यह रकम भी जमा करवा दी। इस तरह कुल आठ लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। कई बार संपर्क करने के बाद भी जब खाते में रकम नहीं आई तो अजय ने असली दिव्यांशु से बात की। तब उसे ठगी का पता चला। साइबर थाना के एसएचओ इंस्पेक्टर साहिल कुमार ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव सिरटा निवासी अजय मलिक ने बताया कि 3 अक्टूबर को उसके वाट्स-एप पर कॉल आई। कॉल करने वाले की डीपी पर उसके ऑस्ट्रेलिया में रह रहे बुआ के बेटे दिव्यांशु की फोटो लगी थी। आरोपी ने खुद को दिव्यांशु बताकर कहा कि वह उसके खाते में 19.15 लाख रुपये भेज रहा है। कुछ देर बाद एचएसबीसी बैंक की अंतरराष्ट्रीय ट्रांसफर की रसीद भी भेज दी। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर रकम 48 से 72 घंटे में खाते में आने की बात कही थी।

अमृतसर जाने वाले यात्रियों को मिलेगी सुविधा, वहां जाने के लिए नही आना होगा जींद

सफीदों से अमृतसर के लिए बस सेवा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। जींद बस अड्डा पर खड़ी रोडवेज बसें। फोटो :हरिभूमि

सफीदों क्षेत्र के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। हरियाणा रोडवेज के जींद डिपो की ओर से सफीदों से अमृतसर के लिए नई बस सेवा शुरू की गई है। इस बस के संचालन से अमृतसर जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। अब उन्हें अमृतसर जाने के लिए बस पकडऩे के लिए जींद तक नहीं आना पड़ेगा। इससे यात्रियों के समय और अतिरिक्त परेशानी की बचत होगी। नई बस सुबह सात बजे सफीदों से रवाना होगी। इसके बाद बस असंध के रास्ते अमृतसर के लिए जाएगी। इस रूट पर बस सेवा शुरू होने से सफीदों के अलावा आसपास के गांवों के यात्रियों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। विशेषकर उन लोगों को सुविधा होगी, जिन्हें किसी जरूरी काम, धार्मिक यात्रा या अन्य कारणों से अमृतसर जाना पड़ता है। सफीदों से अमृतसर की दूरी करीब 381 किलोमीटर है। इस यात्रा के लिए यात्रियों को 515 रुपये किराया देना होगा। सफीदों से चल कर बस असंध, कैथल, चीका, पटियाला होकर लगभग 10 घंटे में वहां पहुंचेगी और अगले दिन सुबह पांच बजकर 40 मिनट पर चलेगी। पहले सफीदों से अमृतसर जाने वाले यात्रियों को पहले जींद पहुंचना पड़ता था। इसके बाद उन्हें जींद से अमृतसर के लिए बस पकडऩी होती थी। जींद से सुबह साढ़े नौ बजे अमृतसर के लिए बस चलती है, जो वाया संगरूर और पातड़ा के रास्ते अमृतसर पहुंचती है। सफीदों से अमृतसर के लिए सीधी बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब वे सफीदों से ही अपनी यात्रा शुरू कर सकेंगे। इससे सफर पहले के मुकाबले अधिक सुविधाजनक होगा।

यात्रियों की सुविधा में इजाफा होगा

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। जिस रूट पर यात्रियों की संख्या ज्यादा होती हैए उस हिसाब से बसों का संचालन किया जाता है। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जा रही। रोडवेज की इस पहल को यात्रियों की सुविधा में इजाफा होगा। फिलहाल सुबह सात बजे सफीदों से चलने वाली यह बस अमृतसर जाने वाले यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक रहेगा।

तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव गांगोली-भागखेड़ा रोड पर तेजरफ्तार गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भागखेड़ा निवासी सहदेव साइकिल पर सवार होकर कार्यवश गांव गांगोली गया हुआ था। शाम का वापस लौटते समय पीछे से आ रही तेजरफ्तार कार ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। जिसमें सहदेव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल सहदेव को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के बेटे उज्जवल की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिल्लूखेड़ा थाना के जांच अधिकारी रोहित ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

खबर संक्षेप

नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का विरोध किया

जींद। भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) की हरियाणा राज्य कमेटी ने 11 अक्टूबर को दिल्ली में छात्र और युवा संगठनों से जुड़े नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। संगठन के राज्य सचिव नरेश दनोदा ने आरोप लगाया कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अखिल भारतीय अध्यक्ष आदर्श एम साजी को दिल्ली पुलिस ने प्रताड़ित किया। वहीं विरोध प्रदर्शन के दौरान डीवाईएफआई केंद्रीय सचिवालय के सदस्य विकास झा को हिरासत में ले लिया गया।

नाबालिग युवती का यौन शोषण करने पर केस दर्ज

जींद। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर वीडिया बना सार्वजनिक करने की धमकी देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना इलाका गांव की एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव डाहौला निवासी साहिल तथा गांव नगूरां निवासी गौरव का उनके घर आना जाना था। आरोपितों ने उसके घर आकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

आर्य समाज महासम्मेलन की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता

जींद। महर्षि दयानंद योग चिकित्सा आश्रमए जींद में रविवार को मासिक वैदिक सत्संग और 13 दिसंबर को होने वाले वार्षिक महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। स्वामी रामवेश महाराज के सानिध्य में हुई बैठक की अध्यक्षता जयभगवान शास्त्री ने की। बैठक में महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया और आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में जोरा सिंह आर्य ने वेदों की महत्ता पर प्रकाश डाल सकारात्मक सोच और अच्छे आचरण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

मेधावी छात्र योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

जींद। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि डॉ अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी शिक्षा में आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। डीसी ने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जातिए विमुक्त जाति, घुमंतू, अर्ध घुमंतू, टपरीवास, पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए एवं बी) तथा सामान्य वर्ग के पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

सहायतार्थ हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

जींद। जेसीआई एल्युमिनी क्लब द्वारा शनिवार रात रंगशाला में बीबीसी हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में आए कलाकारों ने दर्शकों को हंसने के साथ-साथ लोट-पोट होने पर मजबूर कर दिया। सम्मेलन में हास्य कलाकार प्रताप फौजदार ने कहा कि जब पड़ोसी का बच्चा रो रहा हो तो सिर में दर्द में होता है, जब अपना बच्चा रो रहा हो तो दिल में दर्द होता है। हास्य कवि रवि गुप्ता ने कहा कि जेसीआई एल्युमिनी क्लब जो काम कर रही है, वो बहुत अच्छा काम कर रही है। समाज के लिए दायित्व को निभा रही है।

आर्थिक सहायता दिलाने के लिए मंत्री बेदी से मिले

नरवाना। पंजाबी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक पृथ्वी सिंह के आवास पर सामाजिक कल्याण मंत्री एवं विधायक कृष्ण बेदी से मुलाकात कर बीरबल नगर, नरवाना मे राजू सचदेवा की कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग से हुए भारी आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सहायता की अपील की। विधायक महोदय ने मंत्री से अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग करवाने की अपील की। उपायुक्त, के माध्यम से पीड़ित परिवार को सरकारी आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही निजी कोष से भी आर्थिक सहयोग देने की बात कही।

मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें, गूंजे माता के जयकारे

शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार सुबह मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा तथा मां शैलपुत्री के दर्शन कर सुखी जीवन की कामना की। अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की शहर के सभी मंदिरों में लंबी-लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। माता के दर्शनों के लिए महिलाओं की संख्या अधिक थी। नवरात्रों में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रख कर मंदिर कमेटी द्वारा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए। मंदिर प्रबंध समिति ने महिला तथा पुरूषों के लिए मंदिर प्रांगण में बेरीकेटिंग की गई है। इस दौरान मंदिर की भव्य सजावट की गई। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की चौकसी की गई थी वहीं मेला कमेटी के सदस्य भी पूरी सतर्कता से जुटे रहे। जयंती मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्रों में भक्त देवी मां के सभी नौ रूपों की पूजा अर्चना करेंगे। इनमें प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चंद्रघंटा, चतुर्थ कुष्मांडा, पंचम स्कंदमाता, षष्टम कात्यायनी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी तथा नव सिद्धिदात्री यह नौ शक्ति स्वरूप हैं। उन्होंने बताया कि जो नवरात्रों में देवी मां की पूजा-अर्चना करते हैं देवी मां उनके सभी कष्टों को हर लेती है। मां के भक्तों को चाहिए कि वो प्रथम नवरात्रे को मां की अखंड ज्योत जला कर, कलश स्थापन एवं देवायल तथा अपने घर पर ध्वजारोहण करके दुर्गा सप्तशती, दुर्गा स्तुति और दुर्गा चालीसा का पाठ करें। व्रतधारी फ लाहार एवं दूध का सेवन करें।

मां भगवती से मांगी परिवार कल्याण की मन्नतें



नवरात्र के प्रथम दिन मां जयंती देवी मंदिर में मां जयंती की पूजा करते श्रद्धालु।

कुटू के आटे पर स्वास्थ्य विभाग की नजर

माता के नवरात्रों में व्रत रखने वाले काफी लोग कुटू के आटे की रोटी खाते हैं। कई बार कुटू का पुराना आटा सेहत के लिए बेहद नुक्सानदायी साबित होता है। इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने करियाणा की दुकानों के संचालकों को यह निर्देश दिए हैं कि कुटू का पुराना आटा किसी भी कीमत पर नहीं बेचा जाए। ऐसा करते कोई पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

नवरात्र के अंतिम दिन होगा मेला

नवरात्र के अंतिम दिन जयंती देवी मंदिर में जागरण तथा मेले का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते मंदिर के अंदर रेलिंग तथा बाहर बेरीगेट्स लगाए गए हैं। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस सुरक्षा का प्रबंध किया गया।



उचाना। पहले नवरात्र पर माता भ्रामरी शक्तिपीठ पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़।

मंदिरों में नवरात्र में श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता प्रबंध

उचाना। नवरात्र के अवसर पर देवभूमि बनमौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमडनी शुरू हो गई है। नवरात्र के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु मंदिर से माता की पावन ज्योत पैदल और वाहनों के माध्यम से अपने घर लेकर जा रहे हैं। भक्त पूरे नवरात्र घरों में माता की ज्योत जलाकर व्रत रखते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। मंदिर के पुजारी सुशील कौशिक ने बताया कि नवरात्र में श्रद्धालुओं को दर्शन और पूजा-अर्चना के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इस बार मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया है। मंदिर परिसर में साफ-सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे भी शुरू किए गए हैं। पूरे मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा सके। सुशील कौशिक ने कहा कि वर्ष में दो बार नवरात्र के दौरान श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता के दरबार में पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी और सेवा समिति के सदस्य निरंतर सेवा भाव से जुटे रहते हैं। इस कार्य में प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।



जींद। साइबर क्राइम को लेकर जागरूक करते एसएचओ जगदीप सिंह।

स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

जींद। संत शिरोमणि श्री सैन भगत राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत गाया गया तथा स्वयंसेवकों को एनएसएस क्लैप सिखाई गई। जिससे उनमें एकता, अनुशासन और संगठन की भावना को प्रोत्साहन मिला। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके लिए सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया तथा महाविद्यालय परिसर के अलग-अलग हिस्सों की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी समूहों ने अपने निर्धारित क्षेत्रों में सफाई की और प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाकर परिसर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय योगदान दिया।

नागरिकों को सरकारी सेवाओं की जानकारी दी

जींद। सफीदों बीडीपीओ प्रवीण कुमार ने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इसी उद्देश्य को लेकर रविवार को गांगोली गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। नागरिकों से आह्वान किया कि वे ऐसे शिविरों में पहुंच कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा अपनी पात्रता के अनुसार इसका लाभ उठाएं। बताया कि गांव इसी प्रकार का शिविर सोमवार को कालवा में लगाया जाएगा। इस अवसर पर गांव के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।



जींद। हवन में आहुति देते पवन गर्ग। फोटो :हरिभूमि

महाराज अग्रसेन की महिमा का वर्णन किया

जींद। घंटा घर जींद में महाराजा अग्रसेन की जयंती पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। महाराज अग्रसेन जी महिमा का वर्णन किया गया। पवन गर्ग और रामबिलास मित्तल ने हवन में आहुतियां डाली। साथ में अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने भी भाग लिया। मौके पर प्रधान महेश सिंगल, जयभगवान मित्तल, जयकुमार, महावीर गुप्ता, राजकुमार गोयल, सुरेश गर्ग, सियाराम गोयल एमसी आदि गणमान्य लोगों ने भाग लिया। हवन व यज्ञ के बाद जनता बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पवन गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन को समाजवाद, समानता सहयोग और जनकल्याण की भावना का प्रतीक माना जाता है। समाज में आपसी सहयोग और जरूरतमंदों की सहायता करने की परंपरा को बढ़ावा दिया। उनके आदर्श आज भी समाज को एकजुट रहने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की प्रेरणा देते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन के जीवन, विचारों और सामाजिक योगदान के बारे में जानकारी मिलती है।

भगवान श्रीराम के आदर्शों का संदेश दे रहे कलाकार

जींद। शहर की सनातन धर्म आदर्श किला रामलीला में सीता और राम जन्म प्रसंग का मंचन किया गया। कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान हरमन मेहंदीरत्ता ने सीता के रूप में जन्म लिया। रामलीला देखने के लिए शहर के लोगों के साथ किन्नर समाज के सदस्य भी पहुंचे। उन्होंने कलाकारों को बधाई देते हुए रामलीला के आयोजन की सराहना की। शहर की ऐतिहासिक किले वाली सनातन धर्म आदर्श किला रामलीला का शुभारंभ वर्ष 1955 में हुआ था। तभी से रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों, त्याग, कर्तव्य और मर्यादा का संदेश लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। रामलीला में कलाकार विभिन्न प्रसंगों का मंचन कर दर्शकों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोडने का प्रयास कर रहे हैं।

बंदरों की समस्या पर किया मंथन

जींद। टीम जींद सुधार के सदस्यों ने जींद शहर में बंदरों की समस्या पर गंभीरता से मंथन किया। टीम के सदस्य सुनील वशिष्ठ ने बताया कि पिछले एक दशक में प्रदेश में सबसे तेजी से बंदरों और कुत्तों की समस्या बढ़ गई है। चूंकि हमारी टीम 2012 से ही बंदरों की समस्या के प्रति गंभीर रही है। उनकी टीम ने 2015 में इस मामले में शिकायत कर वन्य जीवी विभाग से अनुमति लाकर नगर परिषद से बंदर पकड़वा उनकी खुद के सामने गिनती करवा जिम्मेदारी के साथ क्लेशर के जंगलों में छुड़ावने का कार्य किया था। उसके बाद भी समय समय पर यह मुद्दा उठाते रहे हैं लेकिन देखने में आ रहा है कि वर्तमान में जींद शहर की हर कालोनी के लोग बंदरों से परेशान हैं। बुजुर्ग महिलाएं और बच्चों की बंदरों के हमले से छतों से गिरने की कई घटनाएं हैं। हालात ये हो गए हैं कि शहर में घरों में बंदर जाल लगाना जरूरी हो गया है, लेकिन उससे भी काम नहीं चल रहा। बंदरों का झूंड गलियों छतों और हर जगह पहुंच कर तोड़ फोड़ कर चला जाता है। लोग बेबश हो घर के भीतर कैद हो जाते हैं। शहर की पहचान रानी तालाब पर बंदरों के झूंड ने कब्जा जमा रखा है। वो यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काटने को दौड़ते हैं। उनके दोपहिया वाहनो पर तोड़ फोड़ करते हैं, जिसके डर में यहां आने वाले लोंगो की संख्या बेहद कम है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को भारत सरकार ने भी गंभीर माना है तभी सरकार ने बंदरों को सरक्षित सूचि से बाहर किया इसकी जानकारी भी दी गई है। सुनील वशिष्ठ ने कहा कि इसके लिए लिखित में डीएमसी और डीसी से मांग की जा रही है। प्रदेश सरकार से भी इसकी मांग करेंगे। उसके लिए एक ज्ञापन डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा को भी दिया जाएगा। इस अवसर पर राम, राजेश कुमार, महाबीर हिंदू, नरेश, अमन पांचाल, अमित, रिंकू, सोनी, मोहित आशरी, सियाराम, सचिन शर्मा, चंद्रकांत, सुशील व वेद प्रकाश मौजूद रहे।



जींद। ज्ञापन दिखाते हुए सुनील वशिष्ठ।

किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपे ज्ञापन

जींद। धान की बिक्री को लेकर किसानों को आ रही परेशानी को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने मंडी अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर किसानों की समस्याएं दूर करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने किया। प्रदर्शन से पहले इनेलो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि हरियाणा प्रदेश का किसान बहुत परेशान है। सरकार खरीद के लिए लगातार टाल मटोल कर रही है। मंडियां धान से अटी पड़ी हैं लेकिन सरकार नमी का बहाना बना कर खरीद करने से बच रही है। रामपाल माजरा ने बताया कि प्रदेश में लगभग साढ़े 16 लाख मिट्रिक टन धान पहुंच चुका है। इसमें से केवल नौ लाख की खरीद हुई है। जब की उठान केवल तीन लाख का ही हुआ है।

प्रधान हरदीप सिंह की अध्यक्षता में पुरानी बस्ती चौपाल में सर्वसम्मति से लिया फैसला

तपा किनाना में नशा किया तो पुलिस को सौंपेगी पंचायत सर्वसम्मति से 41 व्यक्तियों की कमेटी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

किनाना में तपा किनाना की पंचायत पुरानी बस्ती चौपाल में प्रधान हरदीप सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें 36 बिरादरी के लोग एकत्रित हुए। सभी ने गांव में फैल रही कई सामाजिक समस्याओं पर चिंतन किया। युवाओं और युवतियों में चरित्र निर्माण कैसे हो इस पर कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कहा कि युवाओं को नशे से बचाया जाए। आपस में भाईचारा कायम रहे।

शिक्षा की तरफ युवा जागरूक हो और अपनी संस्कृति व नैतिकता को जीवन में शामिल करे। इससे यह समाज बेहतर बन सके। वरिष्ठजनों ने युवाओं कों पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलने के लिए प्रेरित किया। तपा प्रधान हरदीप सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति बड़ी महान रही है। कहा कि एक गांव और एक गोत्र में विवाह नहीं होने चाहिए, जिससे समाज में भाईचारा बिगड़ता है। कहा कि तपा किनाना के अंतर्गत 18 गांव आते हैं। सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार आर्य और समस्त ग्राम पंचायत ने नशे की समस्या को मुख्य रूप से उठाया। कहा कि समस्त गांव ने मिलकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यदि कोई व्यक्ति गांव में नशा बेचता है तो गांव उसे पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। सभी ने निर्णय किया कि इस प्रकार के नशा तस्कर का गांव कोई सहयोग नहीं करेगा। गांव में 36 बिरादरी के युवाओं और युवतियों को जागरूक करने के लिए सर्वसम्मति से 41 व्यक्तियों की कमेटी का गठन किया है। गांव के स्कूल में कमेटी जागरूकता अभियान भी चलाएगी।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व सरपंच ओमप्रकाश सैनी, शमशेर, रमेश जांगड़ा, रामपाल नंबरदार, राजपाल नंरबदार, जिले सैनी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पुरानी अनाज मंडी में किया राम जन्म का मंचन



नरवाना। श्री रामा भारतीय कला केंद्र के द्वारा पुरानी अनाज मंडी में रामलीला मंचन के दूसरे दिन राम जन्म से लेकर राक्षसों की खर मस्तियों के दृश्यो मंचन किया गया। मुख्यतिथि के तौर पर नगर पार्षद आशुतोष शर्मा ने शिरकत की और रिबन काटकर लीला का शुभारंभ करवाया। मंच संचालन शैलेंद्र मोहन गर्ग ने बखूभी निभाया। राजा दशरथ के यहां एक नहीं चार-चार पुत्रों की प्राप्ति होती है और फिर नामाकरण किया गया। उन चारों में बड़े का नाम राम, छोटे का लक्ष्मण, भरत व शत्रुधन रखा गया। लीला के अंतिम दृश्य में राक्षसों की खर मस्तियां दिखाई जाती हैं। रामलीला के मंचन में दशरथ की भूमिका पं.मेहर चंद पुजारी, विश्वामित्र की मंजीत गौरा, कौशल्या की भूमिका सचिन शर्मा, कैकई की में संदीप जाखड़ व सुमित्रा की भूमिका शमशेर गोस्वामी ने निभाई। इस मौके पर प्रधान भारत भूषण गर्ग, संरक्षक सुशील कौशिक एडवोकेट, हंसराज समैण, ईश्वर गोयल, वीरेंद्र नैन, मंजीत गौरा, सत्यवान गोस्वामी, जोगिंद्र शर्मा, अर्जुन गोयल उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रसीदा में लगा शिविर



नरवाना। नरवाना उपमंडल में सेवा ही संकल्प अभियान के तहत रसीदां के रावकमावि में जागरूकता शिविर लगाया । जागरूकता शिविर सेवा सेतु अभियान विषय पर लगाया और इसका उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों के बारे में आम जन को जागरूक करना था ताकि योजना के नियम व शर्तों की जानकारी प्राप्त कर ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सके। शिविर में विभागों के 25 स्टाल लगाए गए जिन पर लाभार्थियों एवं आम नागरिक को संबंधित विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। गांव के सरपंच हरपाल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर में शिरकत की और सभी विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया। बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य एक ही स्थान पर तमाम विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनसाधारण को अवगत करवाना है। ग्राम सचिव सुभाष, लेखाकार बलजीत सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, सोनिया, क्रिड से नितिन, जसवीर, सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

42 हजार रुपये न्यूनतम मासिक वेतन और पक्की नौकरी की मांग को लेकर दिल्ली कूच करेंगे मजदूर

जींद। केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के आह्वान पर एक से तीन दिसंबर तक दिल्ली में होने वाले तीन दिवसीय महापड़ाव को सफल बनाने के लिए रविवार को सफीदों के नागक्षेत्र में सफीदों और पिल्लूखेड़ा ब्लॉक की यूनियनों की संयुक्त कन्वेंशन आयोजित की। इसमें आशा वर्कर्स, मिड डे मील वर्कर्स, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों और भवन निर्माण मजदूरों ने भाग लिया। कन्वेंशन में मजदूरों और कर्मचारियों को लामबंद करने के लिए दोनों ब्लॉकों की तालमेल कमेटी गठित की गई। राधेश्याम को संयोजक और संतोष को सह.संयोजक चुना गया। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए सीटू के उपाध्यक्ष कपूर सिंह ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और अस्थायी रोजगार की समस्या के बीच मजदूरों और कर्मचारियों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष तेज करना होगा। उन्होंने न्यूनतम मासिक वेतन 42 हजार तय करने, सभी कर्मचारियों को पक्का कर्मचारी का दर्जा देने और चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग उठाई। मजदूरों से दिसंबर में दिल्ली में होने वाले महापड़ाव में भाग लेने का आह्वान किया।

मां बनभौरी धाम बस यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



नरवाना। भारत विकास परिषद, केशव शाखा, नरवाना के तत्वावधान मे 8वीं निःशुल्क माँ बनभौरी धाम बस यात्रा का आयोजन किया गया। माता रानी के पावन प्रथम नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ भाग लिया। माता रानी के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा श्रद्धालुओं ने माँ बनभौरी धाम पहुँचकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भारत विकास परिषद, केशव शाखा के सतीश सेतिया एवं राहुल सिंगला ने संयुक्त रूप से बताया कि चाँदनी अष्टमी के पावन अवसर पर जैन स्थानक, पतराम नगर के पास से प्रातः 5:00 बजे निःशुल्क माँ बनभौरी धाम बस यात्रा रवाना होती है। इस बार नवरात्रों के विशेष धार्मिक महत्व को देखते हुए यात्रा अष्टमी के बजाय माता रानी के प्रथम नवरात्र पर आयोजित की गई। भारत विकास परिषद, केशव शाखा की ओर से इस धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्य में निरंतर सहयोग देने के लिए राजेश सिंगला एवं राहुल सिंगला का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

मां बनभौरी की पावन ज्योत लेकर उचाना पहुंचे श्रद्धालु



उचाना। शारदीय नवरात्र के पहले दिन देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी शक्तिपीठ से मां बनभौरी की पावन ज्योत लेकर श्रद्धालु उचाना मंडी पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालु माता के भजनों पर जयकारे लगाते हुए और भक्ति में लीन होकर पहुंचे। भवन पै वो हे आवे है, जिसने मात बुलावै है, प्यारा सजा है तेरा द्वार, संकट को हरने वाला सहित अन्य भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। समिति प्रधान गौरव ने बताया कि मां बनभौरी के दूसरे विशाल जागरण से पहले श्रद्धालु बनभौरी धाम से माता की पावन ज्योत लेकर उचाना मंडी पहुंचे हैं। ज्योत के आगमन से श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। विकास मखंड, अनिल, प्रवीण, श्यामलाल, कौशल, महाबीर मखंड, नरेश बंसल, उदित, दर्पण, विकास, पूर्व पार्षद सोनिया बंसल, आरती जैन, राजबाला, अनिता, कविता, इंदू, बबीता, शीला और मनीषा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्वामी गौरक्षानंद की याद में लगाया चंदन का पौधा



उचाना। कन्या गुरुकुल गुरुकुल खेड़ा में गुरुकुल के संस्थापक स्वामी गौरक्षानंद की स्मृति में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया । इस दौरान स्वामी वजीरानंद ने चंदन का पौधा लगाकर स्वामी गौरक्षानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुकुल प्रांगण में प्रातःकालीन हवन-यज्ञ के साथ हुई। स्वामी वजीरानंद ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण की शुद्धता का संदेश मिलता है, वहीं अधिक से अधिक पौधे लगा पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने लोगों से पौधरोपण को अपनी दिनचर्या और जीवन के विशेष अवसरों का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। गुरुकुल प्रबंधन कमेटी के उपप्रधान महीपाल ने भी चंदन का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जन्मदिन, वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर पौधे लगाने चाहिए, ताकि प्रकृति को हरा-भरा बनाया जा सके। रामदिया करसिंधु, पूर्व सरपंच तेलू राम, पूर्व सरपंच राजेंद्र, मा. वीरेंद्र अलीपुरा, गुरनाम आर्य, गुरुकुल की प्राचार्या मंजीत कौर, गुरुकुल स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहीं।

लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पात्र करवाएं पंजीकरण

जींद। हरियाणा सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में बड़ा कदम उठाते दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण की आधिकारिक शुरुआत कर दी है। योजना के इस नए चरण में पात्रता के दायरे को बढ़ाते हुए अब 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों की महिलाओं को भी शामिल कर लिया गया है। योजना का लाभ मिलने के बाद भी उनके सारे सरकारी लाभ जारी रहेंगे। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। योजना के दूसरे चरण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरे प्रदेश में शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र महिलाएं आवेदन कर सकती है। आवेदन की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम उपलब्ध कराए हैं। डिजिटल माध्यम से पात्र महिलाएं स्मार्टफोन पर लाडो लक्ष्मी योजना डाउनलोड कर घर बैठे अपना पंजीकरण कर सकती है। इसके अलावाए जो महिलाएं ऑफलाइन माध्यम से आवेदन करना चाहती हैं, वे अपने नजदीकी समाज कल्याण अधिकारी कार्यालयए सीएससी सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। डीसी ने जिला की सभी पात्र महिलाओं से अपील की है कि वे योजना की पात्रता सुनिश्चित करने के बाद बिना किसी देरी के अपना पंजीकरण करवाएं और योजना के तहत मिलने वाली 2100 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता का लाभ उठाएं।

खबर संक्षेप

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने जमाया रंग

कैथल। शहर के चंदाना गेट स्थित सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि अग्रवाल युवा सभा के प्रधान एवं कॉलोनाइजर रामप्रताप गुप्ता रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, कॉलोनाइजर कृष्ण वर्मा, राममेश्वर सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति के प्रधान डा. सीबी ने मुख्यातिथि सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

पीड़ितों को मिल रहा दिव्यांग पेंशन का लाभ

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। बताया कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

नशे को ना, खेलों को हां कहने का दिया संदेश

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम पट्टी अफगान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों और बच्चों को नशे से दूर रहने तथा खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कुश्ती और कराटे के मुकाबले भी करवाए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पट्टी अफगान के सरपंच प्रतिनिधि संदीप ने शिरकत की।

गंगा कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी बाइक चोरी

कैथल। चिरंजीवी कॉलोनी में गंगा कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में चिरंजीव कॉलोनी निवासी विजय शर्मा ने बताया कि 1 को उसकी बाइक कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी थी। दोपहर 10 से शाम 4 बजे के बीच अज्ञात बाइक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ब्राह्मण विरोधी नीतियों की खिलाफत करने का संकल्प

कैथल। रविवार को गांव पाडला के सरस्वती स्कूल में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में समाज विरोधी नीतियों के खिलाफ खड़े होने और ब्राह्मण एकता पर जोर दिया गया। जिला भर से आए ब्राह्मण समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे, सामाजिक एकजुटता तथा समाजहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। शिवकुमार पाडला की अध्यक्षता में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में डीएसपी रमेश शर्मा खास मेहमान रहे।

शिव मंदिर में रामलीला का शुभारंभ

कैथल। श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में चंदाना गेट, कैथल स्थित श्री गणेश ड्रामेटिक क्लब द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने ज्योत प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं सदस्यों ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का स्वागत किया।

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल युवा सभा में कार्यक्रम

महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

- 17 अक्टूबर को होगा भव्य समारोह
- वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच व दानवीर फकीरचंद ने भी डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। हवन यज्ञ में आहुति डालते समाज के लोग। *फोटो: हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल युवा सभा कैथल की ओर से रविवार सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। अग्रवाल युवा सभा के नवनियुक्त प्रधान अशोक गोयल के नेतृत्व में यह धार्मिक कार्यक्रम सभा के निर्माणाधीन भवन में संपन्न हुआ। हवन यज्ञ के दौरान उपस्थित लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि, शांति और समाज की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। हवन यज्ञ में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच और अग्रवाल समाज के दानवीर फकीरचंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सिद्धांत आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अग्रवाल युवा सभा के नवनियुक्त प्रधान अशोक गोयल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 17 अक्टूबर को कैथल के भाई उदय सिंह किले पर भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।

सामाजिक कार्यों में भागीदारी निभाएं

सुरेश गर्ग नौच ने कहा कि महाराजा अग्रसेन को समाज में समानता, सहयोग, परोपकार और आपसी सद्भाव के आदर्शों के लिए याद किया जाता है। अग्रवाल युवा सभा की ओर से जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हवन यज्ञ का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ समाज को एकजुट करना भी रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने और जरूरतमंदों की सहायता करने की भावना को आगे बढ़ाने पर बल दिया।

ये रहे मौजूद

सभा के निर्माणाधीन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम ने समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्र होने का अवसर दिया। इस दौरान सदस्यों ने आगामी समारोह को सफल बनाने के लिए आपसी सहयोग और सामूहिक भागीदारी के महत्व पर भी चर्चा की। चेयरमैन सचिन बंसल एवं महासचिव कपिल गोयल ने कहा कि 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाला भव्य समारोह समाज के लोगों के लिए यादगार रहेगा और नई पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन के जीवन, विचारों तथा सामाजिक योगदान से परिचित कराने में सहायक होगा। कार्यक्रम का समापन धार्मिक वातावरण और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ। अग्रवाल युवा सभा ने आगामी 17 अक्टूबर के समारोह को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। हवन यज्ञ में सचिन बंसल चेयरमैन, मनोज सिंगला, परविंद्र मित्तल, प्रकाश बंसल, अशोक गोयल एडवोकेट, बीरभान जैन, देवराज खनौरी, कपिल गोयल महासचिव, योगेश मित्तल, प्रवीण मित्तल, विनोद धनौरी, हर्ष गोयल, अशोक मित्तल, संजय बंसल उर्फ राजू, शैलेंद्र बंसल, महिला प्रधान अंजू बंसल, अक्षरा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को लेकर अग्रवाल समाज में उत्साह का माहौल है। समारोह में समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। अशोक गोयल ने बताया कि समारोह में जाने-माने कवि भी विशेष रूप से पहुंचेंगे और अपनी काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे। काव्य सम्मेलन कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसके माध्यम से साहित्य, संस्कृति और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की, ताकि महाराजा अग्रसेन जयंती को उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जा सके।



पूंडरी। अग्रवाल धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन जयंती पर आयोजित हवन-यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

पूंडरी में धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

- हवन-यज्ञ के बाद 36 बिरादरी के लिए लगाया विशाल भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी में महाराजा अग्रसेन जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की ओर से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अग्रवाल धर्मशाला में हवन-यज्ञ के साथ हुई। इसमें उपस्थित लोगों ने आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि और समाज की खुशहाली की कामना की। इसके बाद झंडामल धर्मशाला में 36 बिरादरी के लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन अग्रवाल पंचायत के संरक्षक डॉ. सुभाष बंसल के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। भंडारे में सभी बिरादरियों के लोगों को आमंत्रित कर सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सेवा और सहयोग की भावना भी देखने को मिली।

ये रहे मौजूद

महाराजा अग्रसेन को समाज में समानता, सहयोग और जनकल्याण की भावना को बढ़ावा देने वाले महापुरुष के रूप में याद किया जाता है। उनके आदर्श आज भी समाज को मिल-जुलकर आगे बढ़ने और जरूरतमंदों की सहायता करने की प्रेरणा देते हैं। जयंती जैसे आयोजन नई पीढ़ी को महापुरुषों के विचारों से जोड़ने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने महाराजा अग्रसेन के बताए मार्ग पर चलने और समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रिंसिपल जयकुमार, अशोक गोयल, डॉ. मीतेश गर्ग, भूषण सिंगला, देवीदयाल, महेश मंगल, श्रवण सिंगला, बबलु बंसल, बिट्टू बंसल, काका गोयल, भानु जिंदल, राजेंद्र बंसल, कीमत बंसल, मुनीष मित्तल, प्रभात गोयल, मोनी गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बलजीत पंवार बने युवा जिला उपाध्यक्ष

- कार्यकारिणी का किया विस्तार : बलिंदर पंवार को सदस्य की जिम्मेदारी : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड



ढांड। भाकियू जिलाध्यक्ष राजीव आर्य व अन्य नवनियुक्त पदाधिकारी व सदस्य को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा किसानों की आवाज को बुलंद करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युवा कार्यकारिणी का विस्तार किया। कस्बा ढांड में भाकियू जिलाध्यक्ष राजीव आर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से बलजीत पंवार को युवा जिला उपाध्यक्ष तथा बलिंदर पंवार को संगठन का सदस्य नियुक्त किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव आर्य ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दीं। राजीव आर्य ने कहा कि किसान संगठन की असली ताकत उसकी एकजुटता और संघर्षशील कार्यकर्ता हैं।

किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

आर्य ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों से गांव-गांव जाकर किसानों को संगठन से जोड़ने और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। नवनियुक्त युवा जिला उपाध्यक्ष बलजीत पंवार और सदस्य बलिंदर पंवार ने भाकियू प्रदेशाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष राजीव आर्य सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया।

साहित्य सभा के छह लघु कविताकार सम्मानित

- सावित्री धारीवाल को लघुकविता मणि सम्मान-2026 से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

साहित्य सभा कैथल से जुड़े छह लघुकविताकारों डा. प्रद्युम्न भल्ला,डा. तेजिंद्र,सुरेश कुमार कल्याण,मधु गोयल मधुल, डा. हरीश चंद्र झंडई और सावित्री धारीवाल को अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान कुरुक्षेत्र एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच सिरसा के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित लघुकविता कुम्भ,सम्मान-समारोह एवं पुस्तक-लोकार्पण कार्यक्रम में लघुकविता- सम्मानों से सम्मानित किया गया। साहित्य सभा कैथल के प्रेस सचिव डा. तेजिंद्र ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान के राम स्वरूप सभागार में आयोजित इस महाकुंभ में डा. प्रद्युम्न भल्ला को लघुकविता श्रेष्ठमणि सम्मान-2026 और लघुकविता सर्वोत्तम सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।



कैथल। लघुकविताकार मुख्य अतिथि डा. मधुकांत और वरिष्ठ साहित्यकार डा. धर्म पाल साहिल के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

ये सम्मानित

डा. तेजिंद्र को लघुकविता भूषण सम्मान-2026 व लघुकविता श्रीमणि सम्मान-2026 से, सुरेश कल्याण को लघुकविता श्रीमणि सम्मान-2026 से तथा लघुकविता रत्न सम्मान-2026 से एवं मधु गोयल मधुल को लघुकविता रत्न सम्मान-2026 से,डा. हरीश चंद्र को लघुकविता सर्वोत्तम सम्मान-2026 से और सावित्री धारीवाल को लघुकविता मणि सम्मान-2026 से सम्मानित किया । छह लघुकविताकारों को सम्मान मुख्य अतिथि डा. मधुकांत, समारोह के अध्यक्ष प्रो. बाबू राम, विशिष्ट अतिथि डा. अंजना गर्ग, हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच सिरसा के प्रधान प्रो. रूप देवगुण,अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डा. जय भगवान सिंगला के कर-कमलों से प्राप्त हुआ।



राजौंद। श्री सनातन धर्म सेवा समिति व दुर्गा मंदिर कमेटी के नए कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर मौजूद प्रधान देवेंद्र भनोट व कमेटी के सदस्य।

सनातन धर्म सेवा समिति व दुर्गा मंदिर कमेटी के नए कार्यालय का शुभारंभ

राजौंद। श्री सनातन धर्म सेवा समिति व दुर्गा मंदिर कमेटी के नए कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कमेटी के सदस्यों ने प्रधान देवेंद्र भनोट को कुर्सी पर बिठाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही नए फर्नीचर के साथ कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर कमेटी के सदस्यों ने मंदिर के विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया। सदस्यों ने मंदिर परिसर में करवाए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों को लेकर अपने-अपने सुझाव एवं विचार रखे। कमेटी पदाधिकारियों ने मंदिर की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर भी चर्चा की। कमेटी के उपप्रधान हरिपाल की ओर से मंदिर कार्यालय के लिए करीब 30 हजार रुपये की लागत का फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया। कमेटी सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के विकास में सभी के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

विशेष मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे

- ब्राइट ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

असंध रोड स्थित ब्राइट ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन करते विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के नए स्रोतों, रोबोटिक्स और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से संबंधित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। अभिभावकों ने विद्यालय की आधुनिक शिक्षण पद्धतियों व रचनात्मक गतिविधियों की सराहना की।



राजौंद। विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान अपने मॉडल प्रस्तुत करते विद्यार्थी और अभिभावक-शिक्षक बैठक में भाग लेते। *फोटो: हरिभूमि*

सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा

अभिभावकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, नवाचार और प्रस्तुतिकरण की सराहना की। आयोजितअभिभावक-शिक्षक बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन और सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। दोनों के आपसी सहयोग से बच्चों की सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सकता है।



मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे

राजौंद। रविवार को शुरू हुए प्रथम नवरात्रे पर मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयघोष से नगर के वातावरण को पुरी तरह भक्तिमय बना दिया। सुबह चार बजे से ही दुर्गा मंदिर, भद्रकाली मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, बाबा बहादुर बण मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां जगदम्बे भवानी से मंगल कामना की प्रार्थना की। नवरात्रों के पावन अवसर पर मंदिरों को खूब सजाया गया है। नवरात्रे के प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा तथा मंदिर में चल रहे भक्ति गीत माहौल को और भी भक्तिमय करने में सहायक सिद्ध हो रहे थे। श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रों के प्रथम दिन नवदुर्गा में प्रथम रूप में शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी रामपाल ने बताया कि नवरात्रों में माता रानी की पूजा का अपना विशेष महत्व है। माता रानी अपने भक्तों के सभी दुखों को हरती है और सभी मनोकामना पूर्ण करती है। नवरात्रों में दुर्गा स्तुति का पाठ करने से घर में शांति आती है तथा मानसिक चिंताओं का हनन होता है। सुख समृद्धि आती है और कष्टों का निवारण मां दुर्गा की पूजा अर्चना से होता है।

कार्यक्रम साहित्य सभा ने किया अक्टूबर मास की काव्य-गोष्ठी का आयोजन

देवी के नवरात्रे आये, मंदिर और पंडाल सजाये

- प्रोफेसर अमृत लाल मदान ने अपने इथोपिया प्रवास के दौरान के संस्मरण सांझा किए

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। साहित्य सभा द्वारा आयोजित काव्य-गोष्ठी में उपस्थित रचनाकार।

साहित्य सभा कैथल द्वारा स्थानीय आरकेएसडी कालेज के अध्यापक-कक्ष में अक्तूबर मास-2026 की काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्य सभा के मार्गदर्शक प्रोफ़ेसर अमृत लाल मदान के सानिध्य में काव्य-गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्य सभा के प्रधान कमलेश शर्मा ने की। मंच-संचालन ग़ज़लकार रविंद्र रवि ने किया।शारदीय नवरात्रों के आरंभ पर श्याम सुंदर शर्मा गौड़ ने अपने मन के भाव इन शब्दों में व्यक्त किये : देवी के नवरात्रे आये, मंदिर और पंडाल सजाये।रूपये की महिमा का वर्णन करते हुए अनिल गर्ग धनौरी ने कहा : कोई कहे बाऊजी,कोई कहे भैया।जब जेब में हो रुपैया।बस्ती की बात करते हुए राजेश भारती ने कहा : अच्छे बस दो-चार लोग हैं बस्ती में।बाकी सब अय्यार लोग हैं बस्ती में।सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग पर व्यंग्य करते हुए डा. तेजिंद्र ने कहा : न तो गोरेगांव में,न ही गुरुग्राम में। अब तो दोस्त मिलते हैं,हमको इंस्टाग्राम में। दोस्तों को लेकर दिलबाग अकेला के मन के भाव थे :दोस्त देखे बहुत से हमने ज़माने में। कुछ तो डूबे थे ग़म में,कुछ मयखाने में। डा. अशोक कुमार का मशवरा उनकी ग़ज़ल के इन दो शेरों में देखिये : मन में न मलाल रख।

काव्य-गोष्ठी का समापन

स्विट्जरलैंड के प्रवास के अनुभव सांझा करते हुए शमशेर कैंदल हमसफ़ीर ने कहा : स्विट्जरलैंड तो है ही अनोखा और सुंदर भी।तटस्थता की नीति अपनाता है। पर बेचता है विश्व को,हल्के और भारी हथियार। साहित्य सभा के मार्गदर्शक प्रोफ़ेसर अमृत लाल मदान ने अपने इथोपिया प्रवास के दौरान के संस्मरण सांझा किये।वहाँ की राजशाही और युवा क्रांति पर प्रकाश डाला।शाम के समय आकाश में उड़ते बगुलों का चित्रण करते हुए कमलेश शर्मा ने कहा : सांझ के सुरमई अंधेरे में,उड़ते हुए कुछ बगुले,लगता है फाड़कर फैंक दिया हो,किसी ने प्रेम-पत्र।इनके अतिरिक्त रामकुमार गोलन,चेतन चौहान,अनिल कौशिक, सुरेश कुमार कल्याण,डा. चतरभुज बंसल सौथा,डा. विकास आनन्द और बलवान कुंडू सावी ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। सभा के प्रधान कमलेश शर्मा की अध्यक्षीय टिप्पणी के साथ काव्य-गोष्ठी का समापन हुआ।

रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पर ध्यान देना जरूरी

- खेल, युवा सशक्तिकरण और कौशल विकास के लिए सांसद नवीन प्रयासरत : निधि मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

भाजपा महिला मोर्चा की जिला सचिव निधि मोहन ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल क्षेत्र के विकास, युवा सशक्तिकरण, खेलों को बढ़ावा देने और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। सांसद नवीन जिंदल से भेंट के बाद पूंडरी में कहा कि युवाओं को सही दिशा देने, उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार, कौशल विकास केंद्रों की स्थापना तथा रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। खेलों के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा सकते हैं। वहीं, कौशल विकास से उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। जनप्रतिनिधियों को युवाओं, महिलाओं और समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाना चाहिए। शिक्षा, खेल, कौशल विकास और जनकल्याण से जुड़े प्रयास समाज की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



सांसद नवीन जिंदल से भेंट करती हुई निधि मोहन।

लोगों को मिलेगी राहत

सांसद नवीन जिंदल की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने और जरूरतमंदों को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मेडिकल वैन के माध्यम से घर-घर तक दवाइयां और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की पहल भी महत्वपूर्ण है। इससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में मदद मिल सकती है।

खबर संक्षेप



पूंडरी। कुलतारन तीर्थ की सफाई करते विधायक सतपाल जांबा व अन्य।

कुलतारण तीर्थ पर दूसरे दिन चला महा सफाई अभियान

पूंडरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने अपनी टीम के साथ कौल स्थित कुलतारण तीर्थ क्षेत्र में रविवार को दूसरे दिन महा सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विधायक ने स्वयं श्रमदान कर तीर्थ स्थल की साफ-सफाई की। अभियान में युवा साथियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। जब जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम नागरिक मिलकर श्रमदान करते हैं, तो इससे समाज के हर वर्ग तक स्वच्छता का संदेश पहुंचता है और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ती है।



राजौंद। बाबा बहादुरबण मंदिर में आयोजित महा रुद्र यज्ञ के दौरान हवन करते ब्राह्मण एवं मौजूद श्रद्धालु।

36 सात दिवसीय पाठ एवं महारुद्र यज्ञ लगाया

राजौंद। बाबा बहादुर बण मंदिर में बाबा बहादुर बण की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सात दिवसीय पाठ एवं महा रुद्र यज्ञ के चौथे दिन नगर खेड़ा पर झंडा चढ़ाया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलेगा। मंदिर के महंत तेज गिरी ने बताया कि आचार्य बृजभूषण पंडित के मार्गदर्शन में सात दिवसीय महा रुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ में सात ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन विधि-विधान से हवन किया जा रहा है। यज्ञ के दौरान श्रद्धालु धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

किसी रिटायर्ड रेडियोलाजिस्ट को हायर करने पर विचार
नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को परेशानी

जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू करने की कवायद

डिप्टी स्पीकर मिड्ढा के सामने उठा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों की परेशानियां कम होने का नाम नही ले रही हैं। तीन दिन पहले जब हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने अस्पताल का दौरा किया तो उनके सामने भी रेडियोलाजिस्ट नहीं होने का मुद्दा उठा था। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को किसी रिटायर्ड रेडियोलाजिस्ट को हायर करने की बात कही थी। स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे किसी चिकित्सक की तलाश कर रहा है, जो अस्पताल में दो से तीन घंटे तक आकर अल्ट्रासाउंड कर सके। नागरिक अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट नहीं है। इस कारण अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। केवल कुछ दिनों के लिए डेपुटेशन पर रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति हुई थी, जो बाद में रद्द हो गई। ऐसे में जिन मरीजों को अल्ट्रासाउंड की जरूरत होती है, उनके लिए यह परेशानी हो रही है। उनको निजी अस्पतालों में जाकर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ता है। सबसे बड़ी परेशानी मेडिकल फिटनेस करवाने के लिए अस्पताल आ रहे लोगों को हो रही है। यदि उनको अल्ट्रासाउंड करवाना हो तो उनको मेडिकल कालेज खानपुर या पीजीआइ रोहतक जाना पड़ता है। क्योंकि उनके लिए सरकारी चिकित्सक की रिपोर्ट जरूरी होती है। ऐसे में उनका खानपुर या रोहतक के चक्कर काटने पड़ते हैं। वहीं गर्भवती महिलाओं को भी परेशानी उठानी पड़ती है।



जींद। विचार विमर्श करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

सेलरी ज्यादा देने की रखी बात

डिप्टी स्पीकर ने जब स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच यह बात रखी कि रेडियोलाजिस्ट क्यों नहीं आ रहा है तो एक चिकित्सक ने बताया कि उनको अपना सेंटर खोलने पर ज्यादा पैसे मिलते हैं। इस कारण वह सरकारी अस्पतालों में नहीं आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की एक उच्चस्तरीय बैठक में अन्य चिकित्सकों की बजाय रेडियोलाजिस्ट की सेलरी भी ज्यादा करने की बात रखी गई थी। इस पर विचार किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि नागरिक अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट की व्यवस्था करने की दिशा में प्रयास जारी हैं। यदि कोई रिटायर्ड रेडियोलाजिस्ट मिल जाता है तो उसकी व्यवस्था करने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य अधिकारियों से बातचीत चल रही है। यदि कोई ऐसा चिकित्सक मिलता है तो फिर वह खुद उनसे बात भी करेंगे।

मेडिकल करवाने आई खिलाड़ी छात्राओं को हुई थी परेशानी

पिछले सप्ताह कुछ खिलाड़ी छात्राएं नागरिक अस्पताल में मेडिकल फिटनेस करवाने आई थी। उनके लिए अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट करवाना जरूरी था। इसलिए उनको मेडिकल कालेज खानपुर रेफर किया गया। वहां पर जींद के नागरिक अस्पताल से वह जो एक्सरे करवा कर गईं थीए उन पर उनके नाम नहीं थे। ऐसे में उनको फिर से अस्पताल आना पड़ा। यदि अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नागरिक अस्पताल में होती तो इन छात्राओं को खानपुर के चक्कर नहीं काटने पड़ते।



कैथल। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर।

- पीएम मोदी और सीएम सैनी हर वर्ग तक पहुंचा रहे योजनाओं का लाभ

कांग्रेस देश में फैला रही भ्रम व अराजकता : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अशोक गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस को युवाओं को भ्रमित करने की राजनीति बंद करनी चाहिए।

- कांग्रेस युवाओं को भ्रमित करना बंद करे

युवाओं को गुमराह करने के बजाय उन्हें विकास, रोजगार, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े सकारात्मक मुद्दों पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनकल्याण और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। दोनों सरकारें जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप देश और प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार का उद्देश्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। सरकारें बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, युवाओं के लिए अनेक अवसर बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने और जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनता के विश्वास और आशीर्वाद के साथ देश व प्रदेश की सेवा कर रहे हैं। अशोक गुर्जर ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों दल राजनीतिक स्वार्थों के लिए देश में भ्रम और अराजकता का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन जनता के बीच गलतफहमियां फैलाने के बजाय उसे जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन स्वच्छता अभियान को बनाएंगे सफलः सतपाल

- विधायक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल पर जुटाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में 35 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर में सेग्रिगेशन प्लांट, सीएनजी प्लांट, डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन, वेस्ट ट्रांसफर सेंटर व इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर का विजिट करते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता के कारण जानने की कोशिश की। प्रतिनिधिमंडल इंदौर के सांसद शंकर लालवाणी और पूर्व मेयर व वर्तमान विधायक मालिनी गौड़ से भी मिला और उन्हें सांसद नवीन जिन्दल की ओर से राष्ट्रीय ध्वज और पावन गीता की प्रति भेंट की। इस मौके पर सांसद शंकर लालवाणी ने प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं। नवीन जिन्दल तिरंगा अभियान की तरह नवीन स्वच्छता अभियान में भी सफलता हासिल करेंगे। विधायक जांबा ने बताया कि हमने सारी जानकारी जुटाने के बाद कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन स्वच्छता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया है।



पूंडरी। सांसद शंकर लालवाणी व विधायक मालिनी गौड़ को सांसद नवीन जिन्दल की ओर से राष्ट्रीय ध्वज और पावन गीता की प्रति भेंट करते विधायक सतपाल जाम्बा।

नरवाना में एक करोड़ 70 लाख रुपये से तैयार होने वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

- विधायक ने 65 लाख से बनने वाली दो गलियों की रखी नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि उनका लक्ष्य नरवाना को सुरक्षित, शिक्षित, स्वस्थ और विकसित क्षेत्र बनाना है । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत वर्ष 17 अगस्त को करोड़ों रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की नरवाना को सौगात दी थी। अब उन विकास परियोजनाओं का कार्य शुरू हो चुका है या पाइप लाइन में है या आखिरी चरण में है, आने वाले समय में नरवाना पूर्णतया नए मॉडल के रूप में उभर कर आएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने अपने कार्यक्रमों के दौरान करीब एक करोड़ 70 लाख रुपए की 6 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री ने दो गलियों का नींव पत्थर भी रखा जो करीब 65 लाख रुपए से बनाई जाएगी , साथ ही स्थानीय नागरिक अस्पताल में 58 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित आधुनिक ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर डीएमसी अनिल दून, ईओ नगर परिषद सुशील भुक्कल, एसएमओ डॉक्टर देवेंद्र बिंदलिश, पूर्व विधायक पिरथी सिंह नंबरदार, बलदेव वाल्मीकि, ओम प्रकाश शर्मा, चेयरपर्सन नगर परिषद मुकेश मिर्धा, सुशील शास्त्री, विशाल मिर्धा, सुरेश पांचाल, नगर पार्षद सत्यवान बेदी, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसवीर नैन आदि मौजूद रहे।



जींद। नागरिक अस्पताल में नवनिर्मित लैब का उद्घाटन करते मंत्री कृष्ण बेदी एवं नगर परिषद चेयरमैन मुकेश मिर्धा। फोटो : हरिभूमि

श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में हुई छात्रवृत्ति परीक्षा



पूंडरी । पूंडरी स्थित श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में 11 अक्टूबर को छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। परीक्षा को लेकर सुबह से ही विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला। परीक्षा में गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान और तार्किक क्षमता से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इनके माध्यम से विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर और विषयों की समझ का आकलन किया गया। परीक्षा का आयोजन पूरी तरह निष्पक्ष, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करती हैं।

हरियाणा खेल महाकुंभ के लिए कुश्ती ट्रायल 13 को

राजौंद। हरियाणा खेल महाकुंभ 2026-27 के तहत जिला खेल विभाग कैथल की ओर से कुश्ती के खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 13 अक्टूबर को ब्राइट ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल रेसलिंग एकेडमी, राजौंद में किया जाएगा। कोच राकेश ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले पहलवानों का वजन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक लिया जाएगा। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि सुबह 9 बजे के बाद किसी भी पहलवान का वजन नहीं लिया जाएगा। ट्रायल के दौरान पहलवानों को वजन में एक किलोग्राम की विशेष छूट दी जाएगी। पुरुष फ्री स्टाइल वर्ग में 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 और 125 किलोग्राम भार वर्ग रखे गए हैं। महिला फ्री स्टाइल वर्ग में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72 और 76 किलोग्राम भार वर्ग में ट्रायल होगा। वहीं ग्रीको रोमन वर्ग में 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97 और 130 किलोग्राम भार वर्ग निर्धारित किए गए हैं। ट्रायल में शामिल होने वाले सभी पहलवानों को अपना आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र तथा दोनों दस्तावेजों की फोटो कॉपी साथ लानी होगी। आयोजकों ने खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर वजन प्रक्रिया पूरी करवाने की अपील की है, ताकि ट्रायल में किसी प्रकार की परेशानी न हो।



ब्राइट ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की रेसलिंग एकेडमी में होगा आयोजन

कोच राकेश

चीका में हैफेड रोड पर ऑफिस के बाहर से बाइक चोरी

कैथल। चीका में हैफेड रोड पर एक ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अशोक शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 23 अगस्त को अपनी हीरो होंडा एचएफ डीलक्स बाइक ऑफिस के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस आया तो बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। एसआई नवनीत ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

जुलाना में बृहस्पति देव मंदिर में हुआ हवन श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की



जुलाना। जुलाना कस्बे के बदलूराम मार्केट के सामने नवनिर्मित बृहस्पति देव मंदिर में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन में दर्जनों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुतियां डाली और सुख.समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने विधि.विधान के साथ पूजा.अर्चना की। मंदिर में पांच दिनों तक हवन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 15 अक्टूबर को मंदिर के कपाट आमजन के लिए खोल दिए जाएंगे। मंदिर के संस्थापक डा. भगवान दास ने बताया कि कस्बे में बृहस्पति देव का यह एकमात्र मंदिर है। मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंदिर परिसर में हवन शुरू किया गया है। जिसमें श्रद्धालु बढ़.चढ़कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि हवन कार्यक्रम पांच दिनों तक चलेगा। इस दौरान विधि, विधान के साथ पूजा.अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। डा. भगवान दास ने बताया कि 15 अक्टूबर को मंदिर के कपाट आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे ताकि श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर बृहस्पति देव के दर्शन कर सकें और पूजा, अर्चना कर सकें। मंदिर के तैयार होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह है। मंदिर परिसर को धार्मिक आयोजन के लिए तैयार किया गया है।

हरियाणा सरकार को जींद जिले में महाराजा अग्रसेन के नाम पर यूनिवर्सिटी बनानी चाहिए : बजरंग गर्ग

नरवाना। वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारणी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रान्तीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में नरवाना में हुई। जिसमे अग्रोहा के ऐतिहासिक टीले की खुदाई का कार्य लंबे समय से धीमी गति से चलने और बार-बार रुकने पर चिंता व्यक्त की गई। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारणी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की जीवनी सीबीएसई शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में लागू की जाएं ताकि बच्चे महाराजा अग्रसेन जी की जीवनी से प्रेरणा लेकर ज्यादा से ज्यादा राष्ट्र व जनता के हित में कार्य कर सकें।हरियाणा सरकार को जींद जिले में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर यूनिवर्सिटी बनानी चाहिए ताकि आस-पास के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सकें। इस अवसर पर अग्रोहा धाम नरवाना इकाई प्रधान रोहताश सिंगला, प्रदेश प्रचार मंत्री राजेंद्र गुप्ता, प्रदेश महासचिव अनिल आर्य, अनाज मंडी प्रधान जयदेव बंसल, प्रदेश प्रवक्ता राहुल गर्ग, सह सचिव उपेंद्र गर्ग, आईटी सेल प्रदेश सचिव मोहित बंसल, मुकेश गर्ग, कार्यकारी सदस्य सुभाष सिंगला, कृष्ण गर्ग, जितेंद्र बंसल, वासुदेव गर्ग, दीपक सिंगला, महिला इकाई उप प्रधान रेखा मित्तल, महिला कोषाध्यक्ष संजना देवी आदि ने अपने विचार रखें।





नरवाना शहर में हवन-यज्ञ और शोभा यात्रा निकालकर मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

नरवाना। जयंती समारोह के प्रधान जयदेव बंसल की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। मीडिया प्रभारी मोहित बंसल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सुबह अग्रसेन मंदिर में विवाहित जोड़ों द्वारा पूजा अर्चना व हवन यज्ञ किया गया और समाज के लोगों द्वारा आहुति डालकर अग्रसेन जी का आशीवांद प्राप्त किया। उसके बाद अग्रसेन चौंक पर अग्रसेन को माल्यार्पण कर लड्डूओं का प्रसाद वितरण किया गया। मोहित बंसल ने बताया कि दोपहर बाद बाबा गैबी साहब मंदिर से भव्य शोभा यात्रा शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों पुराना बस स्टैंड रोड़, पंजाबी चौंक,भगत सिंह चौंक, अपोलो चौंक, रेलवे रोड, पतराम नगर से होते हुए अग्रसेन चौंक पर संपन्न हुई। शोभायात्रा में अग्रोहा विकास ट्रस्ट अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग भी शामिल हुए ।मोहित बंसल ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह-जगह पर जलपान की व्यवस्था की गई थी और पूरे शहर में स्वागत द्वार लगाए गए थे। संरक्षक हंसराज समैण एवं प्रधान जयदेव बंसल ने अग्रसेन जयंती की बधाई देते हुए कहा कि महापुरुष किसी भी एक जाति विशेष के नहीं होते वे तो पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं जिनकी जयंतियां मनाकर लोग उनके आदर्शों से प्रेरणा पाते हैं।

शुभारंभ | आमजन को महापुरुषों के जीवन से लेनी चाहिए प्रेरणा : देवेंद्र अत्री

नशा मुक्त उचाना-नशा मुक्त हरियाणा का दिलाया संकल्प, एसआईआर पर विपक्ष के भ्रामक प्रचार का लगाया आरोप

महाराजा अग्रसेन के नाम पर बाजार का नामकरण, विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उचाना

उचाना में पुलिस चौकी के पास स्थित बाजार का नाम महाराजा अग्रसेन मार्केट रखे जाने पर नामकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने शिरकत की। अध्यक्षता मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने की, जबकि मंच संचालन अंशुल करसिंधु ने किया। अग्रवाल जनहित समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दुकानदारों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर खुशी जताई गई। लाला भगतराम घोघडिया धर्मशाला में पहुंचे विधायक का दुकानदारों ने स्वागत किया। इस दौरान नशामुक्त उचाना और नशामुक्त हरियाणा का संकल्प भी दिलाया गया। विधायक ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। महाराजा अग्रसेन के नाम पर बाजार का नामकरण करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने महापुरुषों की जयंती मनाने की शुरुआत की, जो आज भी जारी है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की सोच के साथ कार्य कर रही है। सरकार का प्रयास है कि छोटी से लेकर बड़ी समस्या तक की जानकारी मिलते ही उसका तत्परता से समाधान किया जाए।



जींद। पुलिस चौकी स्थित बाजार का महाराजा अग्रसेन के नाम से नामकरण का उद्घाटन करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

एसआईआर को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना

पत्रकारों से बातचीत में विधायक अत्री ने एसआईआर को लेकर विपक्ष पर भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर देश में पहली बार नहीं हो रही है, बल्कि आजादी के बाद आठ बार यह प्रक्रिया हो चुकी है। उनके अनुसार, पिछली बारों में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर भ्रम फैलाकर देश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं। अत्री ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों के 35 लाख बीएल-2 शामिल थे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है, जबकि कांग्रेस के पास जनसमर्थन की कमी है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश के युवा विपक्ष के भ्रामक प्रचार में नहीं आएंगे।

ढांड में ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक सवार को मारी टक्कर

कैथल। ढांड में एफसीआई गोदाम के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली सहित फरार हो गया। घायल की पहचान गांव पवनावा निवासी नसीब सिंह (35) के रूप में हुई है। उसे कुरुक्षेत्र के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ढांड थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में घायल नसीब सिंह ने बताया कि 6 अक्टूबर को वह ढांड अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में फसल की बायोमीट्रिक करवाने गया था। इसके बाद बाइक से गांव लौट रहा था। एफसीआई गोदाम के पास एक खाली जगह से ट्रैक्टर-ट्राली चालक लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए आया और उसकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। राहगीरों ने उसे निजी वाहन से कुरुक्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।